10-02-2023 Need to open Gharapuri Shiva Temple at Elephanta Caves on Monday considered most auspicious for worship of Lord Shiva- Laid MATTERS UNDER RULE-377 Barne, Shri Shrirang Appa World Heritage

Need to open Gharapuri Shiva Temple at Elephanta Caves on Monday considered most auspicious for worship of Lord Shiva

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): घारापुरी या एलीफेंटा गुफाएं, मुख्य रूप से भगवान शिव को समर्पित गुफा मंदिरों के संग्रह केसाथ एक विश्व धरोहर स्थल है और इसका प्रबंधन और रखरखाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है । यह मंदिर मेरे मावल निर्वाचन क्षेत्र में स्थित है । इस मंदिर में सैकड़ों भक्त भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रार्थना करने आते हैं । जबकि घारापुरी स्थित शिव मंदिर को रखरखाव के नाम पर सप्ताह में हर सोमवार को बंद रखा जाता है ।

जैसा कि हम सब जानते हैं कि सोमवार का दिन भगवान शिव की पूजा करने के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है और इस दिन देश के शिव भक्त भगवान् शिव की आराधना करते हैं जबकि यह घारापुरी का शिवमंदिर सोमवार को बंद रखे जाने से यहाँ के भक्त भगवान् शिव की आराधना इस मंदिर में नहीं कर पाते हैं। और मैंने इस मंदिर को सोमवार को खोले रखे जाने हेतु सम्बंधित मंत्रालय से कई बार पत्राचार और सम्बंधित मंत्री जी से भेंट भी की है लेकिन इस पर आजतक कोई निर्णय नहीं हो पाया है।

अतः मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि घारापुरी शिव मंदिर को सोमवार को खुले रखे जाने हेतु आवश्यक कार्यवाई करने की कृपा करें और सोमवार के बदले इसके रखरखाव हेतु किसी अन्य दिन बंद रखा जाय।